# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–29.03.2025 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **सीबीआई अदालत ने 28 वर्षों बाद बहुचर्चित अलकतरा घोटाला मामले में सुनाया फैसला, पूर्व मंत्री इलियास हुसैन सहित पांच को तीन–तीन वर्ष की सजा, सात अन्य बरी।**
2. **राज्यव्यापी नक्सल अभियान में सुरक्षा बलों को एक और सफलता, लातेहार से जेजेएमपी का एरिया कमांडर गिरफ्तार, गढ़वा में लेवी वसूलने वाले तीन पकड़ाये।**
3. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेरे 11 बजे मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।**
4. **आगामी पर्व त्यौहारों को लेकर राज्यभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, रांची में किया गया मॉक ड्रिल, हजारीबाग में अतिरिक्त पांच हजार जवानों की होगी तैनाती।**
5. **रांची में पीएमश्री विद्यालय समागम में 24 स्कूलों के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा, वक्ताओं ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सराहना की।**

*******************

सीबीआई की अदालत ने बहुचर्चित अलकतरा घोटाला मामले में 28 वर्षों बाद आज फैसला सुनाया है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पी0 के0 शर्मा की अदालत ने बिहार के पूर्व मंत्री इलियास हुसैन समेत पांच दोषियों को तीन–तीन वर्ष की सजा सुनायी है। इन पर बत्तीस– बत्तीस लाख रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर छह–छह महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा पानेवाले आरोपियों में इलियास हुसैन, शहाबुद्दीन, पवन कुमार अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल और विनय कुमार सिन्हा शामिल हैं। इस मामले में सात अन्य आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में अदालत ने बरी कर दिया।

*******************

छत्तीसगढ़ के बस्तर डिविजन के सुकमा जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 17 नक्सली मारे गए। इस मुठभेड़ में जिला रिज़र्व गार्ड–डीआरजी के दो जवान घायल भी हुए हैं। नक्सल अभियान में इस सफलता के लिए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सुरक्षाबलों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं। केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता, केवल शांति और विकास ही बदलाव ला सकता है।

*******************

इधर नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस और सुरक्षा बलों को एक और सफलता मिली है। लातेहार जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र के कटिया जंगल से सीआरपीएफ और पुलिस के जवानों ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर मुरारी भुईंया को गिरफ्तार किया है। उधर गढ़वा में पुलिस ने उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के नाम पर लेवी मांगने और एक क्रशर प्लांट के मजदूरों के साथ लूटपाट में शामिल तीन अपराधियों को रंका थानाक्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से देशी कट्टा, टॉय गन, मोबाइल, मोटरसाइकिल और अन्य सामग्री बरामद किया गया है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेरे 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर भी प्रसारित होगा। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा।

*******************

आगामी त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्यभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। इस सिलसिले में रांची में आज मॉक ड्रिल किया गया। मौके पर नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि आगामी ईद, रामनवमी और सरहुल पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा उपद्रव करने की कोशिश की जाएगी तो अविलंब कार्रवाई की जाएगी। उधर हजारीबाग में भी रामनवमी को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पांच हजार अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी।

*******************

आकाशवाणी के यूट्यूब चैनल अराधना पर कल से छह अप्रैल तक नवरात्र और रामनवमी के मद्देनजर विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने इस बात की  जानकारी साझा की है।

*******************

पवित्र रमजान महीने के अब एक–दो दिन शेष हैं। रूअते हिलाल कमिटी ने लोगों से कल चांद देखने की अपील की है। इधर ईद बाजार की रौनक आज कल देखते ही बन रही है और लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। ईद उल फित्र की नमाज को लेकर ईदगाहों और मस्जिदों में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

*******************

राजधानी रांची में प्रकृति पर्व सरहुल की शोभायात्रा एक अप्रैल को निकाली जाएगी। इसे लेकर राजधानी की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यातायात पुलिस अधीक्षक ने आदेश जारी कर कहा है कि एक अप्रैल को सवेरे छह बजे से रात्रि बारह बजे तक शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। इस दौरान सभी बड़े वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य स्थान तक जायेंगे।

*******************

झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से आज रांची के अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय रांची के परिसर में पीएमश्री विद्यालय समागम का आयोजन किया गया। इसमें रांची जिले के 24 पीएमश्री विद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसमें एक भारत श्रेष्ठ भारत की झलक दिखी। मौके पर वक्ताओं ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सराहना की। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार ने बताया कि बच्चों के बीच भाषा को मजबूत बनाना और एक–दूसरे की संस्कृति का आदान प्रदान कराना है।

*******************

राज्य में मौसम फिलहाल शुष्क बना हुआ है। जमशेदपुर, चाईबासा और डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। कई जिलों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक चल रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने बताया है कि अगले पाँच दिनों के दौरान तापमान में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद कम है। आगामी दो अप्रैल तक आसमान के मुख्यतः साफ रहने का पूर्वानुमान है। वहीं तीन और चार अप्रैल को बादल छाए रह सकते हैं।

*******समाप्त********